आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट

उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :478 पृष्ठ -4 दिनांक 15 मई 2025 दिन गुरूवार



# सीएम योगी तिरंगा यात्रा में हुए शामिल, कहा- कोई छेड़ेगा तो छोड़ेंगे नहीं

## सीएम योगी ने कहा पाकिस्तान पर हमला बोला और कहा भारत की आन बान शान की रक्षा करने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध

ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना की सफलता के बाद यूपी में भारतीय जनता पार्टी आज तिरंगा यात्रा निकाल रही है. इस यात्रा में प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने भी हिस्सा लिया. सीएम योगी ने इस कार्यक्रम में सेना के शौर्य को सैल्यूट करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया. उन्होंने पाकिस्तान पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि हमने पूरी दुनिया को संदेश दिया है कि अगर कोई हमें छेड़ेगा तो हम उसे छोड़ेंगे नहीं. सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा– पूरा देश भारत की सेना के शौर्य और पराक्रम को सैल्यूट करते हुए अपने बहादुर जवानों का अभिनंदन करने के लिए उतावला दिखाई दे रहा है. ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए हम सब प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री जी का अभिनंदन करते हैं. 22 अप्रैल को जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों के साथ वीभत्स घटना को पाकिस्तान परस्त आतंकवादियों ने अंजाम दिया, उससे पूरा देश में गुस्सा था.भारत की आन बान शान की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हमारी सरकार ने कई सबूत देने के बाद भी जब पाकिस्तान बाज नहीं आया तो ऑपरेशन सिंदूर चलाया और



पहले ही दिन 100 से ज्यादा आतंकियों को मार गिराया. हमने दुनिया को संदेश भी दिया कि हम छेड़ेंगे नहीं और अगर कोई छेड़ेगा तो छोड़ेंगे भी नहीं. मुख्यमंत्री ने कहा भाजपा के द्वारा तिरंगा यात्रा प्रारंभ की गई है. ये तिरंगा भारत की आन बान शान का प्रतीक है, इस तिरंगा का सम्मान देने के लिए, सैनिकों को सर्वोच्च सम्मान देने के लिए आज से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ हो रहा है. आपकी ये उपस्थिति, भारत की सेना के प्रति सम्मान की अभिव्यक्ति का सुंदर उदाहरण है. प्रधानमंत्री मोदी जी का संकल्प रहा है कि हम सब जब विकसित भारत की बात करते हैं, कि हमारा ध्येय है कि हम राष्ट्र प्रथम की भाव के साथ कार्य करें. अगर 140 करोड भारतीय राष्ट्र प्रथम को ध्यान में रख कर कार्य करे तो दुनिया में विकसित होने से कोई नहीं रोक सकता. सीएम योगी ने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि पाकिस्तान और उसके आका किस तरह शरारत पर उतर आए थे. उन आतंकियों के जनाजे में शामिल होने के लिए वहां के नेता और आतंकी शामिल थे. पाकिस्तान एक विफल राष्ट्र है. दुनिया में पिछले 75 वर्षों ने दुनिया में केवल आतंकवाद के बीज बोए हैं. एक दिन आतंकवाद पाकिस्तान को भी निगल ले लेगा. पाकिस्तान जिस तरह का दुस्साहस कर रहा है, ये ऑपरेशन सिंदूर एक जनाजा है. जो भी भारत की बहन बेटियों का सिंदूर छिनेगा, उसके जनाजे पर भी रोने के लिए कोई नहीं मिलेगा.

# सोफिया कुरैशी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी पर भड़कीं मायावती



'ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी के बीच महिला अफसर पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर बहुजन समाज पार्टी की मुखिया और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोला है. मध्य प्रदेश में मोहन यादव की सरकार में मंत्री विजय शाह के बयान को शर्मनाक बताते हुए बसपा चीफ ने कार. 'वाई की मांग की. मायावती ने कहा कि ऐसा बर्ताव ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के माहौल को खराब कर रहा है.सोशल मीडिया साइट एक्स पर बसपा चीफ ने लिखा– पहले विदेश सचिव और फिर उसके बाद सेना की महिला अफसर के प्रति घृणित, असभ्य व अमर्यादित टिप्पणी, वास्तव में जोश व उमंग के उस पूरे अच्छे माहौल को नष्ट करने वाली है जो पूरा देश भारतीय सेना की पाकिस्तान के विरुद्ध 'आपरेशन सिंदूर' की सफलता से उत्सा. हित है, जो यह अति–दुखद व शर्मनाक. उन्होंने लिखा कि इस क्रम में मध्यप्रदेश के एक वरिष्ठ मंत्री द्वारा मुस्लिम महिला सेना प्रवक्ता के सम्बंध में की गई अभद्र टिप्पणी को भाजपा व केन्द्र सरकार गंभीरता से लेकर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई जरूर करे, ताकि दुश्मनों के नापाक मंसूबे नाकाम हों और देश में आपसी भाईचारा व समरसता न बिगड़ने पाए.बता दें विजय शाह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की जानकारी देने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में श्आपत्तिजनकश और श्नफरत भरीश टिप्पणी की, जिसके बाद एक नया राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया. शाह की इस टिप्पणी का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद जब उनकी कड़ी आलोचना होने लगी, तो उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि कर्नल सोफिया उनकी सगी बहन से भी ज्यादा सम्मानित हैं और अगर उनकी (शाह की) टिप्पणी से किसी को भी चोट पहुंची है, तो वह दस बार माफी मांगने को तैयार हैं. वायरल वीडियो सोमवार का बताया जा रहा है, जिसमें राज्य के आदिम जाति कल्याण मंत्री शाह यह कहते हुए सुने जा रहे हैं, श्जिन्होंने हमारी बेटियों के सिंदूर उजाड़े थे, उन्हीं कटे–पिटे लोगों को उन्हीं की बहन भेजकर उनकी ऐसी–तैसी करवाई.श्वह यह कहते सुने जा रहे हैं, श्उन्होंने कपड़े उतार–उतारकर हमारे हिंदुओं को मारा और मोदी जी ने उनकी बहन को उनकी ऐसी–तैसी करने के लिए

# भारत में पहली बार, नोएडा में बनेगी विश्व की सबसे स्मार्ट चिप, जापान की कंपनी लगाएगी यूनिट

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि जापानी सेमीकंडक्टर वि. निर्माता रेनेसा नोएडा में स्थित अपने नए संयंत्र में दुनिया के सबसे छोटे सेमीकंडक्टर 'थ्री नैनोमीटर चिप' को डिजाइन करने का काम करेगी.वैष्णव ने रेनेसा के नोएडा और बेंगलुरु में स्थित नए सेमीकंडक्टर डिजाइन केंद्रों का उद्घाटन करने के बाद कहा कि यह पहला मौका होगा जब भारत में थ्री नैनोमीटर (3एनएम) चिप डिजाइन की जाएगी.इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा, श्रेनेसा के नए सेमीकंडक्टर डिजाइन केंद्र के बारे में मुख्य बात यह है कि हमारे देश में पहली बार सबसे उन्नत, 3एनएम चिप को भारत में पूरी तरह डिजाइन किया जाएगा.श्वैष्णव ने रेनेसा से भारत में अपनी इकाई को 10 गुना बढ़ाने के लिए कहा.रेनेसा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हिदेतोशी शिबाता ने अपने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि कंपनी ने भारत में अबतक 10 गुना वृद्धि की है और 2025 के अंत तक देश में अपने कार्यबल को 1,000 तक बढ़ाने की योजना है.उद्घाटन समारोह के दौरान रेनेसा ने सरकारी उपक्रम 'सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग' (सी–डैक) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए और मंत्रालय के चिप्स टू स्टार्टअप (सी2एस) कार्यक्रम के तहत दो एमओयू का आदान–प्रदान किया.ये समझौता ज्ञापन स्थानीय स्टार्टअप को प्रौद्योगिकी उन्नति को आगे बढ़ाने और मेक इन इंडिया पहल के साथ स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने में सक्षम बनाकर उनका समर्थन करने पर केंद्रित हैं.

# सपा को बड़ा झटका, अखिलेश के इस बा. हुबली विधायक को कोर्ट ने सुनाई सजा

उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले की एमपी–एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट ने 19 साल पुराने पवई चौक चक्का जाम मामले में फूलपुर पवई से समाजवादी पार्टी के विधायक और पूर्व सांसद रमाकांत यादव समेत चार आरोपियों को तीन–तीन महीने की जेल और 1300 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है. यह फैसला मंगलवार को जज अनुपम त्रिपाठी ने सुनाया.मामला 22 फरवरी 2006 का है, जब रमाकांत यादव ने अपने समर्थकों के साथ विभिन्न मांगों को लेकर पवई चौक पर चक्का जाम किया था. तत्कालीन थाना प्रभारी मूलचंद चौरसिया ने रमाकांत यादव, राधेश्याम, रामकृपाल, दयाराम भास्कर, रामकिशन रा. जभर, रामफल और त्रिवेणी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था. मुकदमे के दौरान आरोपी राधेश्याम की मृत्यु हो गई.दो ने आरोप स्वीकारे वर्ष 2022 में दो आरोपियों, रामफल और त्रिवेणी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया था, जिसके बाद उन्हें 1500 रुपये जुर्माने की सजा दी गई थी. शेष चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलता रहा. अभियोजन पक्ष ने सहायक अभियोजन अधिकारी विपिन चंद्र भास्कर के नेतृत्व में तीन गवाह पेश किए. मंगलवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने रमाकांत यादव, रामकृपाल, दयाराम भास्कर और रामकिशन राजभर को सजा सुनाई.रमाकांत यादव आजमगढ़ लोकसभा सीट से सांसद रह चुके हैं और वर्तमान में फूलपुर पवई से विधायक हैं. वह हाल ही में आजमगढ़ में हुए जहरीली शराब कांड, जिसमें कई लोगों की मौत हुई थी, के मामले में भी आरोपी हैं और इस समय फतेहगढ़ जेल में बंद हैं.ये हैं रमाकांत यादवफूलपुर–पवई विधानसभा क्षेत्र के अंबारी निवासी रमाकांत यादव की राजनीतिक यात्रा उतार–चढ़ाव और विवादों से भरी रही है. 1985 में राजनीति में कदम रखने वाले रमाकांत यादव ने फूलपुर–पवई सीट से पहली बार विधायक का चुनाव जीता और लगातार तीन बार विधायक बने. 1996 में आजमगढ़ लोकसभा सीट से सांसद चुने गए और चार बार लोकसभा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. 2019 में भारतीय जनता पार्टी (ठश्रच) द्वारा टिकट न दिए जाने पर उन्होंने कांग्रेस का दामन थामा, रमाकांत यादव का नाम विवादों से भी जुड़ा रहा. 1998 में लोकसभा चुनाव के दौरान मतगणना से पहले बसपा प्रत्याशी अकबर अहमद डंपी से मारपीट के मामले में उन्हें जेल जाना पड़ा.

# यूपी में अब इन लोगों के लिए आफत की घड़ी,सीएम योगी आदित्यनाथ ने दिए सख्त निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की समीक्षा बैठक की.

उन्होंने कहा कि तेल, घी, मसाले, दूध और पनीर जैसी रोजमर्रा की चीजों की जांच वहीं की जाए जहां ये बनती हैं. खासतौर पर दूध और दुग्ध उत्पादों की सख्ती से जांच के लिए अलग टीमें बनाई जाएं, जो लगातार निगरानी करें.मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जो लोग पेशेवर तरीके से बार–बार खून देते हैं, उनकी पहचान कर इस पर सख्त नियंत्रण लगाया जाए. उन्होंने साफ कहा कि जनता का स्वास्थ्य सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है और इस काम को पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ किया जाना चाहिए.मुख्यमंत्री योगी ने खाद्य पदार्थों में मिलावट और नकली दवाओं के कारोबार को 'सामाजिक अपराध' बताते हुए कहा कि यह जन. स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर विषय है, जिससे किसी भी प्रकार का समझौता अक्षम्य होगा. उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत मिलावटखोरों, नकली दवाओं के कारोबारी नेटवर्क और इस अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध



सख्त व निर्णायक कार्रवाई की जाए. मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि ऐसे लोगों को सार्वजनिक रूप से चिन्हित किया जाए और उनकी तस्वीरें प्रमुख चौराहों पर लगाई जाएं, ताकि जनता भी उन्हें पहचान सके और समाज में उनके प्रति नकारात्मक संदेश जाए.मुख्यमंत्री योग आदित्यानाथ को जानकारी दी गई कि राज्य में खाद्य और दवाओं की जांच के लिए प्रयोगशालाओं का नेटवर्क तेजी से बढ़ाया गया है. पहले जहां सिर्फ छह बड़े मंडलों में ये सुविधाएं थीं, अब अलीगढ़, अयोध्या, आजमगढ़, बरेली, बस्ती, चित्रकूट, कानपुर, मिर्जापुर, मुरादाबाद, प्रयागराज, सहारनपुर और देवीपाटन जैसे 12 नए मंडलों में भी प्रयोगशालाएं और ऑफिस खोले गए हैं. साथ ही लखनऊ, गोरखपुर और झांसी में पुरानी प्रयोगशालाओं को और बेहतर बनाया गया है. इसके अलावा लखनऊ, मेरठ और वाराणसी में तीन नई आधुनिक मा. इक्रोबायोलॉजी लैब्स बनाई गई हैं, जहां सूक्ष्मजीव, बैक्टीरिया, वायरस और अन्य बीमारी फैलाने वाले तत्वों की जांच की जा सकती है. लखनऊ और मेरठ में जांचें शुरू भी हो गई हैं. मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि इन प्रयोगशालाओं के सही तरीके से संचालन और रख–रखाव के लिए एक खास फंड (कॉर्पस फंड) बनाया जाए.नकली औषधियों के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पुलिस के साथ विभागीय समन्वय को और बेहतर बनाया जाए ताकि प्रवर्तन कार्यवाहियों की गुणवत्ता और प्रभावशीलता सुनिश्चित हो सके. औषधियों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए की जा रही कार्रवाइयों की समीक्षा भी बैठक में की गई.

# वाराणसी में लस्सी बनाते बच्चे के पास पहुंचे सीएम योगी



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय वाराणसी दौरे पर थे. इस दौरान उनका एक तस्वीर काफी सुर्खियों में है. दरअसल वाराणसी के काशी कोतवाल काल भैरव मंदिर में दर्शन करने पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ वहां मौजूद बच्चों के साथ एक अलग ही रंग में नजर आए. उन्होंने न सिर्फ बच्चों को चॉकलेट दिया बल्कि लस्सी के एक दुकान पर मौजूद बच्चे से भी हाल–चाल जाना.लस्सी बना रहे बच्चे के पास पहुंचे सीएम योगी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय वाराणसी दौरे पर थे. इस दौरान जब वह काशी कोतवाल काल भैरव मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचे, तभी उनकी नजर एक दुकान पर पड़ी जहां एक बच्चा लस्सी बना रहा था. बच्चें को देखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उसके पास पहुंच गए और उन्होंने न सिर्फ हंसते हुए बच्चे का हाल–चाल जाना. बल्कि पढ़ाई लिखाई के बारे में भी पूछा. इस दौरान मुख्यमंत्री ने दुकान पर बैठे बच्चे को चॉकलेट भी दिया और खूब मन लगाकर पढ़ने की सलाह दी. इसी स्थल पर उनकी नजर कुछ अन्य बच्चों पर पड़ी जहां उन्होंने सबको पास बुलाकर सबका हाल–चाल जाना और सभी को चॉकलेट भी दी. इस दौरान मुख्यमंत्री से चॉकलेट पाकर सभी बच्चे काफी खुश नजर आए. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री भी इस दौरान एक अलग ही रंग में दिखे. जनपद वाराणसी के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काशी कोतवाल काल भैरव मंदिर के साथ–साथ काशी विश्वनाथ मंदिर में भी विधि विधान से दर्शन पूजन किया. इस दौरान उनके साथ स्थानीय विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे. अलग–अलग जगह पर लोगों ने उनका हर हर महादेव और जय श्री राम के जय घोष के साथ स्वागत किया.

# हाथरस में सड़क किनारे मिला युवक का शव घर से 80 हजार रूपए लेकर निकला

## हत्या की आशंका, पुलिस मान रही हादसा



हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के गांव रामपुर में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव फरौली निवासी 29 वर्षीय बिट्टू पुत्र राजपाल के रूप में हुई है। बिट्टू खेती–बाड़ी का काम करता था और शराब पीने का आदी था।वह घर से 80 हजार रुपए लेकर दो दिन पहले निकला था। मध्य रात्रि में कुछ लोगों ने उसे गांव रामपुर में घायल अवस्था में पड़ा देखा। बताते हैं कि वह सड़क हादसे में घायल हुआ था। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।पुलिस ने घायल बिट्टू को जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिवार को सूचना दी।पुलिस मान रही सड़क हादसा परिवार के लोगों ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान की। पुलिस इसे सड़क हादसे का मामला मान रही है। हालांकि, परिवार के लोगों का कहना है कि बिट्टू के पास 80 हजार रुपए थे। उन्होंने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को पा. `स्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## हाथरस में प्रधान पति ने युवक पर लगाया देश विरोधी कंटेंट बनाने का आरोप



हाथरस के सासनी कोतवाली क्षेत्र में एक व्यक्ति पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वीडियो एडिट कर देशविरोधी कंटेंट बनाने का आरोप लगा है। गांव सिंघर के प्रधान पति कन्हैया सिंह तोमर ने थाने में शिकायत की है।शिकायत के अनुसार कोतवाली सनी क्षेत्र के नगला भीका सांदलपुर निवासी अशरफ खां उर्फ निसरत ने प्रधानमंत्री के वीडियो को एडिट कर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। आरोपी ने भारत–पाकिस्तान के युद्ध को लेकर कई आपत्तिजनक वीडियो बनाए हैं। इसके अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आपत्तिजनक वीडियो भी एडिट कर इन्हें भी सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है।पुलिस कर रही मामले की जांच पड़तालप्रधान पति ने आरोपी के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। उसने इस मामले की तहरीर थाना सासनी पुलिस को दी है। पुलिस मामले को लेकर जांच पड़ताल कर रही है।

## सासनी के गांव लुटसान में मां महिषासुर मर्दिनी मंदिर परिसर में आयोजित

सासनी के गांव लुटसान में मां महिषासुर मर्दिनी मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दौरान एक अनूठी पहल की गई। मंगलवार को सात जोड़ों का सामूहिक विवाह वैदिक रीति–रिवाज से संपन्न हुआ।आचार्यों ने वेदमंत्रोच्चारण के साथ विवाह संपन्न कराया। इस अवसर पर सभी कन्याओं को उपहार स्वरूप दान दिया गया। विवाह में राखी–सचिन कुमार, अंजलि–प्रथम कुमार, गौरी–राजकुमार, छोटी–राहुल, मो. निका–नवीन कुमार, राखी–दीपक और भारती–नरेंद्र कुमार के जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।आयोजकों ने बताया कि सामूहिक विवाह से दोनों पक्षों पर आर्थिक बोझ कम पड़ता है। यह दहेज प्रथा के खिलाफ एक सार्थक कदम है। साथ ही समाज में भाईचारे और एकता को बढ़ावा मिलता है।कार्यक्रम में कथा वाचक पंडित प्रेम शंकर शर्मा, यज्ञपति अनिल भारद्वाज सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। स्थानीय समाज के बंटी प्रधान सहित सैकड़ो प्रबुद्ध लोगों और ग्रामीणों ने भी इस आयोजन में भाग लिया।

## 5 घंटे तक चिकित्सकों ने नहीं की सुनवाई, मुख्यमंत्री से की शिकायत

हाथरस के मुरसान स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक 16 वर्षीय किशोरी को समय पर इलाज नहीं मिलने का मामला सामने आया है। पीड़िता के चाचा महेश कुमार ने मुख्यमंत्री को शिकायत भेजी है।महेश कुमार ने बताया कि वह अपनी भतीजी कविता को उपचार और रक्त की जांच के लिए स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए थे।वे सुबह अस्पताल पहुंचे, लेकिन दोपहर 2 बजे तक किसी भी चिकित्सक ने उनकी सुध नहीं ली। शिकायत के अनुसार, जब परिजनों ने इस देरी पर आपत्ति जताई तो चिकित्सक और कुछ कर्मचारियों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। यहां तक कि उन्हें गलत मामला बनाकर पुलिस के हवाले करने की धमकी भी दी गई।परिजनों ने क्षेत्रीय विधायक और मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) हाथरस को भी इस मामले की जानकारी दी। इसके बावजूद उन्हें संतोषजनक इलाज नहीं मिला। अब उन्होंने मुख्यमंत्री से इस मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है।

## हाथरस जिले के सादाबाद अन्तर्गत मुरसान कोतवाली क्षेत्र के गांव खुटीपुरी में चार दिन पहले एक 7 वर्षीय दलित बच्चे की निर्मम हत्या



हाथरस जिले के सादाबाद अन्तर्गत मुरसान कोतवाली क्षेत्र के गांव खुटीपुरी में चार दिन पहले एक 7 वर्षीय दलित बच्चे की निर्मम हत्या के मामले में राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुमन ने परिवार को सांत्वना दी और एसपी से फोन पर बात कर मामले की जल्द जांच की मांग की।सुमन ने कहा कि इस घटना की हर पहलू से जांच होनी चाहिए और दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सजा ऐसी हो कि कोई और ऐसा अपराध करने की हिम्मत न करे।राणा सांगा के खिलाफ राज्यसभा में दिए गए बयान को देखते हुए सादाबाद पुलिस ने [illegible] को बरोस टोल प्लाजा से ही सुरक्षा में ले लिया। पुलिस टीम उनके साथ पूरे दौरे में मौजूद रही।घटना की जानकारी उस समय मिली जब बच्चे के शव से दुर्गंध आने लगी। शव एक चारी के खेत में मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हुई है। कुछ सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

## मथुरा–बरेली हाईवे पर कार ने बाइक को मारी टक्कर, ननद और भाभी की मौके पर मौत, चालक घायल



हाथरस उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में दर्दनाक हादसा हुआ। मथुरा–बरेली हाईवे पर कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवती और उसकी सगी भाभी की मौके पर मौत हो गई। निर्माणाधीन हाइवे पर एक तेज रफ्तार कार ने पीछे से बाइक में जोरदार टक्कर मारी थी। इस एक्सिडेंट में 20 वर्षीय भारती पत्नी विकास और उसकी 18 वर्षीय ननद मधु की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक चला रहे विमल को गंभीर चोटें आईं। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।घटना हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र के एवरनपुर गांव के पास कल देर शाम की है। यहां निर्माणाधीन मथुरा–बरेली नेशनल हाईवे के कट पर एक तेज रफ्तार कार ने एक बाइक पर सवार तीन लोगों को पीछे से टक्कर मार दी। कार की टक्कर इतनी तेज थी कि इस हादसे में भारती और उसकी ननद मधु की मौके पर ही मौत हो गई। भारती की शादी केवल 4 महीने पहले हुई थी। तीनों एक समारोह में शामिल हो कर अपने गांव एवरानपुर लौट रहे थे। इसी दौरान यह भीषण सड़क हादसा हो गया।हादसे के बाद पुलिस ने एंबुलेंस से तीनों को जिला अस्पताल भिजवाया। वहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। विमल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने कार को अपने कब्जे में ले लिया है। आरोपी कार चालक को चालक को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस अब शिकायत के आधार पर मामले में कानूनी कार्यवाही कर रही है।

## सादाबाद में भाई–भाई में मारपीट सिर फटने पर एक ने खुद पर पेट्रोल डालकर लगाई आग, 80:शरीर जला



हाथरस के सादाबाद तहसील स्थित गांव कोंकना खुर्द में दो सगे भाइयों के बीच विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। कपिल और कान्हा नाम के दो भाइयों में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। इस दौरान कान्हा ने कपिल के सिर पर किसी भारी वस्तु से वार कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया।सिर फटने से आक्रोशित कपिल ने तुरंत अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। ग्रामीणों की मदद से आग को बुझाया गया, लेकिन तब तक उसका 80 :शरीर जल चुका था। घायल कपिल को पहले सहपऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे हाथरस रेफर किया गया।हाथरस से उसे अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज भेजा गया। ग्राम प्रधान धीरेंद्र सिसोदिया के अनुसार, स्थिति गंभीर होने के कारण अब उसे आगरा रेफर कर दिया गया है। दोनों भाई शराब के आदी हैं और उनका एक तीसरा भाई अर. विंद अलग रहता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हाथरस में महिला आयोग की सदस्य सुनी शिकायतें घरेलू हिंसा और भूमि विवाद की शिकायतें सुनीं



हाथरस सदर तहसील में महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में राज्य महिला आयोग द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्य महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड़ ने शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनीं।ज. नसुनवाई में मुख्य रूप से घरेलू हिंसा और भूमि विवाद से जुड़े मामले सामने आए। कई दंपतियों के बीच पारिवारिक विवाद के मामले भी सामने आए। दोनों पक्षों ने अपने–अपने तर्क रखे। आयोग की सदस्य ने सभी पक्षों को धैर्यपूर्वक सुना। कुछ मामलों का तत्काल समाधान किया गया। अन्य मामलों के लिए मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।छेड़खानी का झूठा आरोप ना लगाएंरेनू गौड़ ने कहा कि भूमि विवाद के मामलों में आवश्यकता पड़ने पर वह स्थल निरीक्षण भी करेंगी। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे किसी पर झूठा छेड़खानी का आरोप न लगाएं। उन्होंने कहा कि भूमि या अन्य विवादों में बिना कारण छेड़खानी का आरोप लगाना उचित नहीं है। इससे निर्दोष व्यक्तियों का जीवन बर्बाद होता है। जनसुनवाई में विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी और पुलिस विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## परिनिंदा दंड आदेश निरस्त नहीं किया तो शिक्षक समाज करेगा आंदोलन




हाथरस। शिक्षकों पर पारित परिनिंदा दण्ड आदेश के विरुद्ध विरोध एवं तत्काल प्रभाव से आदेश निरस्त किए जाने हेतु आज उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्घारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर आदेश को निरस्त किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में उत्तर प्रदेशीय प्रा. थमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि जनपद के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, इंच. ार्ज प्रधानाध्यापकों पर षपरिनिंदा दण्डष अधिरोपित किया गया है। उक्त आदेश न केवल शिक्षकों की प्रतिष्ठा को ठेस पहुँचाने वाला है, बल्कि शिक्षा विभाग और अध्यापकों के बीच सौहार्दपूर्ण सम्बन्धों को भी प्रभावित करने वाला है।उक्त पत्र की भाषा में कठोरता, अपमानजनक शैली एवं शिक्षकों के प्रति अविश्वास की झलक स्पष्ट दृष्टिगोचर होती है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। अध्यापक समाज इस आदेश को अपना गहरा अपमान मानता है और पूर्ण अस. हमति व्यक्त करता है।किसी भी प्रकार का ऑनलाइन विभागीय कार्य पूर्ण रूप से बहिष्कृत किया जाएगा।शांतिपूर्ण धरना एवं प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। जनप्रति. निधियों, मीडिया एवं राज्य स्तरीय संगठन को इस अन्याय से अवगत कराया जाएगा।संघ ने मांग की है कि शिक्षकों के आत्मसम्मान, सेवा मर्यादा एवं जनपद की शैक्षिक गरिमा को दृष्टिगत रखते हुए 9 मई का परिनिंदा आदेश तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए, अन्यथा जनपद का समस्त शिक्षक समाज आंदोलन हेतु बाध्य होगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी विभागीय प्रशासन की होगी।

# सीएनडीएस प्रोजेक्ट्स की समीक्षा में नगर आयुक्त ने दिखाई नाराजगी-महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट की नगर आयुक्त ने की समीक्षा



सीएनडीएस जल निगम द्वारा अलीगढ़ में किये जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने नाराजगी जताते हुए मुख्य अभियंताध्सीईओ अलीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड को सीएनडीएस को नोटिस देने के साथ साथ सम्बन्धित ठेकेदार फर्म ईको ग्रीन को शासन के धन का दुरुपयोग करने मानक व जनसुविधा अनुरूप मैरिस रोड का नाला निर्माण न करने पर सीएनडीएस व अलीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड से भी अलग अलग नोटिस देने के लिए निर्देश दिए है। नगर आयुक्त ने अलीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड के द्वारा सीएनडीएस द्वारा कराए जा रहे प्रोजेक्ट्स की समीक्षा करते हुए नगर आयुक्त ने नाराजगी जाहिर की। समीक्षा बैठक में उन्होंने सीएनडीएस के इंजीनियर रोहित तोमर से कहा खराब निर्माण व धीमी गति के कारण आम नागरिकों के सामने नगर निगम की छवि धूमिल हो रही है मैरिस रोड पर सड़क से ऊंचा नाला निर्माण किस मानक व इंजीनियरिंग पहलू से किया गया सोच से परे है। उन्होंने कहा हर एक प्रोजेक्ट का तकनीकी रूप से भौतिक सत्यापन स्वयं किया जाएगा जन आकांक्षाओं व शहर की जरूरत के अनुसार ही निर्माण कार्य भविष्य में कराए जाएंगे।बैठक में अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव मुख्य अभियंता सुरेश चंद उप नगर आयुक्त अमित कुमार मौजूद थे।

# अलीगढ़ में खनन माफिया का कहर

अलीगढ़ में खनन माफिया की दहशत एक बार फिर सामने आई है। नगला धुंदी गांव के 22 वर्षीय किसान पवन की डंपर से कुचलकर मौत हो गई। मंगलवार रात खनन माफिया उसे मजदूरी के लिए अपने साथ ले गए थे।मृतक के परिजनों का आरोप है कि खनन माफियाओं ने जानबूझकर डंपर से कुचलकर पवन की हत्या की है। परिवार ने किसी विवाद या रंजिश से इनकार किया है। मृतक के भाई पप्पू ने बताया कि क्षेत्र में खनन माफिया बेखौफ है। उन्होंने कई बार पुलिस और प्रशासन से अवैध खनन की शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।सीओ खैर वरुण सिंह ने बताया कि घटना पला जरारा गांव की है। पुलिस ने मौके का मुआयना किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।डीएम संजीव रंजन ने कहा कि मामले की जांच होगी। उन्होंने बताया कि खनन पर रोक के लिए तहसील स्तर पर टास्क फोर्स बनाई गई है। सभी एसडीएम को अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

# उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ अलीगढ़ के बैनर तले शिक्षकों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर किया पत्रकार वार्ता का आयोजन

दिनांक 14 मई 2025 को उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ अलीगढ़ के बैनर तले संगठन के जिला अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के की अध्यक्षता में ज्वलंत समस्याओं को लेकर एक प्रेस वार्ता का आयोजन होटल महाजन कॉम्प्लेक्स में किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए डॉक्टर प्रशांत शर्मा ने बताया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय और वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय में भ्रष्टाचार व्याप्त है पांच करोड़ का जीपीएफ घोटाला एक जांच का विषय बन गया है वर्षों से जांच पर जांच चल रही हैं। अधिकारी अपने को बचाने का काम कर रहे हैं, और घोटाले में शिक्षकों को फंसाने की सूची दिन प्रति दिन बढ़ती चली जा रही है। 31 मार्च 2025 को सेवा निवृत होने वाले शिक्षकध्कर्मचारियों को अभी तक जीपीएफ की धनराशि नहीं मिली है, न ही उनकी पेंशन शुरू की गई है उनका जीवन आर्थिक समस्याओं से जूझ रहा है, यदि शिक्षक अपने जीपीएफ पर ऋण लेते हैं तो समय पर ऋण उपलब्ध नहीं कराया जाता है। विशिष्ट बीटीसी शिक्षकों को उनका अवशेष मानदेय नहीं दिया जा रहा है, उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना की जा रही है, जनपद के दो से ढाई हजार शिक्षकों पर एक साल में कार्रवाई की गई है। बिना गलती के शिक्षकों को निलंबित कर दिया जाता है, कुछ शिक्षकों को एक माह के अंदर बहाल कर दिया गया है और बहुत से शिक्षक 10 माह से अधिक समय से निलंबित है परन्तु अभी तक बहाल नहीं किया है, जबकि आदेश है कि यदि किसी शिक्षक को 6 माह से अधिक निलंबित नहीं रखा जा सकता। ठतब सौंदर्यीकरण को प्रति बीआरसी 7 लाख रुपए आए है उनको एक खाते में स्थानांतरित कर लिया गया है आज तक धनराशि का उपभोग क्यों नहीं किया गया है, सर्व शिक्षा अभियान नाम से खाता खोलकर करोड़ों रुपए बराबर कर लिए गए है, कार्यालय के लिपिक भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और चपरासी अधिकारी की भाषा बोलते हैं। उक्त समस्याओं को लेकर यदि संगठन वार्ता को जाता है तो बीएसए शिक्षक ने. ताओं पर गाड़ी चढ़वाने का कार्य करते हैं और संगठन से वार्ता भी नहीं करते हैं, जिलाधिकारी महोदय से वार्ता और समस्याओं का ज्ञापन दिए गए लगभग 15 दिन हो गए हैं परंतु कोई कार्रवाई नहीं की गई है। यदि संगठन की समस्याओं का निस्तारण नहीं किया गया तो संगठन 17 मई 25 को घंटाघर से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकालेगा और जिलाधिकारी महोदय के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन प्रेषित करेगा, और पैदल मार्च के बाद भी निस्तारण नहीं हुआ तो संगठन अनवरत धरना प्रदर्शन करेगा, यदि फिर भी नहीं सुना गया तो जनपद अलीगढ़ में पूरे प्रांत के शिक्षक जुलाई में धरना प्रदर्शन करेंगे। तथा अंत में बेसिक शिक्षा मंत्री जी के आवास पर अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल की जाएगी।संगठन के पदाधिकारियों में घोर आक्रोश व्याप्त है, सभी शिक्षक जोश और ऊर्जा से भरे हुए है और कार्यालय की कार्य प्रणाली से आक्रोशित है। प्रेस वार्ता में प्रशांत शर्मा, इंद्रजीत सिंह, विश्वनाथ, महेशचंद्र राजपूत, रवेंद्रपाल सिंह कश्यप, रूम सिंह वर्मा,रामदेव शर्मा,सतेंद्र कुमार, शफीउल्लाह खान, सुशील कुमार, मोहम्मद जाहिद,योगेश बाल्यान, पीसी शर्मा,अनुज कुमार, अमित कुमार, सैयद त्यागी आदि की उपस्थिति सराहनीय रही।

# मा0 सदस्य राज्य महिला आयोग ने अलीगढ़ में की महिला जनसुनवाई



अलीगढ़ मा0 सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग श्रीमती मीना कुमारी द्वारा पीडब्लूडी गैस्ट हाउस में महिला संबंधी विभिन्न वादों के निस्तारण के लिए महिला जनसुनवाई की गई। मा0 सदस्य ने कहा कि सरकार महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वाभिमान की रक्षा के लिए कृत संकल्पित है, किसी भी स्तर पर इससे खिलबाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने पुलिस व विभागीय अधिकारियों को सचेत किया कि वह बा. लिकाओं व महिलाओं से संबंधित प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लें और उनका पारदर्शितापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।जनसुनवाई के दौरान अनीता रफात गंज ने पारिवारिक भूमि विवाद से सम्बंधित शिकायत पर मा0 सदस्य मीना कुमारी ने एसपी क्राइम ममता कुरील को उभयपक्षों को सुन कर प्रकरण का निस्तारण कराने के निर्देश दिए। जवां थाना क्षेत्र से महिला याची ने अपने पति के विरुद्ध भरण पोषण भत्ता दिलाए जाने संबंधी मा0 न्यायालय का आदेश अनुपालन कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। मा0 सदस्य ने थानाध्यक्ष को सख्ती करते हुए मा0 न्यायालय के आदेश की अनुपालना कराए जाने के निर्देश दिए। कमलेश कुमारी द्वारा झगड़े संबंधी प्रार्थना पत्र पर एसएचओ गांधीपार्क को उभयपक्षों को सुनकर प्रकरण का निस्तारण करने के निर्देश दिए। एक पारिवारिक मामले में दोनों दम्पतियों को समझा बुझा कर घर भेजा गया। शाहपुर मडराक की विवाहिता ने प्रार्थना पत्र दिया कि मैं मायके में रहती हूं, मेरे पति लेने नहीं आ रहे हैं। मा0 सदस्य ने एक हफ्ते का समय देकर समझौता कराने के निर्देश पुलिस को दिए। घनश्यामपुरी की रहने वाली महिला और बबराला का लड़का जिनकी 10 वर्ष पूर्व शादी हुई, अब दोनों आपसी कलह के चलते अलग रहना चाहते हैं। मा0 सदस्य ने दोनों का समझौता कराते हुए घर भेजा। वर्ष 2020 में शादी हुई है, पत्नी ज्वैलर्स के यहां प्राइवेट नौकरी करती है। घर वालों की शिकायत है कि बहू नौकरी न करे। बहु का कहना है कि उसकी 3 साल की बेटी है, पति खर्चा नहीं देते हैं और घर वाले पति सहित मारपीट करते हैं। मा0 सदस्य ने मारपीट का मुकदमा पंजीकृत करने के निर्देश दिए। सासनी गेट आर के पुरम निवासी एक महिला ने खाना खर्चा दिलवाए जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। मा0 सदस्य ने पुलिस को मामला सुलझाए जाने के निर्देश दिए, अन्यथा की दशा में एसडीएम कोर्ट में भरण पोषण वाद दायर करने की सलाह दी। तहसील अतरौली की एक विवाहिता ने शिकायती पत्र दिया कि शादी को छः माह हुए हैं, पति भिवाड़ी की निजी कम्पनी में काम करता है। पत्नी को घर पर छोड़ रखा है। पति दो बच्चों की महिला को लेकर भिवाड़ी में रहता है। लड़के का फोन बंद है। थाना मडराक के ग्राम समस्तपुर कीरत निवासी भगवान देवी ने साढ़े तीन लाख की ठगी होने की शिकायत करते हुए पैसा वापस दिलाए जाने की गुहार लगाई। थाना महुआ खेड़ा कयाम पुर निवासी महिला ने शिकायती पत्र दिया कि पति मारपीट करता है, ससुराल वाले भी सहयोग नही कर रहे हैं। एसएचओ महिला थाना को उभयपक्षों को सुनकर प्रकरण का निस्तारण कराने के निर्देश दिए। एडीए कॉलोनी शाहजमाल की एक महिला ने शिकायत करते हुए कहा कि पति भरण पोषण नहीं दे रहे हैं, मारपीट करके घर से बाहर निकाल दिया है। महिला थानाध्यक्ष को उभयपक्षों को सुन प्रकरण को निस्तारित कराने के निर्देश दिए।जन सुनवाई के दौरान कुल 16 शिकायतें प्राप्त हुईं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अपराध ममता कुरील, पुलिस क्षेत्राधिकारी तृतीय अभय कुमार पाण्डेय, महिला थानाध्यक्ष रेखा, जिला प्रोबेशन अधिकारी अजित कुमार, सहायक निदेशक सूचना संदीप कुमार, एडीआईओएस मनोरमा ठाकुर, उपमुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 खान चन्द्र, एबीएसए रामशंकर कुरील, चन्द्र मणि कौशिक, जिला उपाध्यक्ष बीजेपी, सीडीपीओ अशोक, हितेश कुमारी, सीमा अब्बास, पूजा सैनी एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मा0 सदस्य महिला आयोग की पहल पर पारिवारिक विवाद का हुआ समाधान

अलीगढ़ मा0 सदस्य उ0प्र0 राज्य महिला आयोग श्रीमती मीना कुमारी द्वारा जनसुनवाई के दौरान एक पारिवारिक विवाद का सफल समाधान किया गया। महिला पेशे से शिक्षक एवं पुरुष फिजियो. थैरेपिस्ट हैं। पारिवारिक कलह के चलते उत्पन्न हुई दूरी को सुलझाते हुए, पतिपत्नी में आपसी सहमति से समझौता कराया गया। महिला आयोग ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिखाया कि सही मार्गदर्शन और संवाद के माध्यम से जटिल से जटिल समस्याओं का समाधान संभव है श्रीमती मीना कुमारी ने पतिपत्नी की समस्याओं व शिकायतों को गंभीरता से सुना और उन्हें आपसी संवाद, सहिष्णुता एवं समझदारी का महत्व समझाते हुए सुलह की ओर प्रेरित किया। उनकी संवेदनशीलता एवं मधुर व्यवहार से प्रभावित होकर दोनों पक्ष समझौता करने को राजी हो गए। जनसुनवाई के अंत में दोनों पतिपत्नी ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए और हंसीखुशी एक साथ घर लौटे। यह मामला महिला आयोग की संवेदनशील कार्यशैली और सामाजिक समरसता की दिशा में एक सफल उदाहरण प्रस्तुत करता है।



# आयुक्त संगीता सिंह की पहल मण्डल भर के लिए बनी प्रेरणा का सबब



अलीगढ़ अलीगढ़ मंडलायुक्त श्रीमती संगीता सिंह द्वारा अप्रैल मासांत में विकासखंड लोधा के ग्राम पंचायत तलेसरा का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम में चल रही विभिन्न सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत का अवलोकन किया और लाभार्थियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं जानी। आयुक्त अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ संगीता सिंह ने ग्राम प्रधान गजेंद्र सिंह को विशेष रूप से 70 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले बुजुर्गों की स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत उनके स्वास्थ्य कार्ड बनवाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग नागरिकों को इलाज के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने की दिशा में यह एक प्रभावी कदम है। ग्राम प्रधान गजेंद्र सिंह ने मंडलायुक्त को आश्वस्त किया कि ग्राम तलेसरा के सभी 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड जल्द से जल्द बनवा दिए जाएंगे। बुधवार को ग्राम प्रधान तलेसरा गजेंद्र सिंह हाथ में सूची ले कमिश्नरी कार्यालय पहुंच मंडलायुक्त से भेंट की। उन्होंने बताया कि आपकी विशेष पहल और निर्देश पर ग्राम से सभी पात्र बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनवा दिए गए हैं। इस संबंध में उन्होंने मण्डलायुक्त को 106 आयुष्मान लाभार्थियों की सूची भी सौंप दी। आयुक्त ने इस सराहनीय कार्य के लिए ग्राम प्रधान गजेंद्र सिंह की प्रशंसा की और कहा कि यह एक अनुकरणीय पहल है जिसे जिले के अन्य ग्राम पंचायतों को भी अपनाना चाहिए मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि जिले के सभी ग्राम प्रधान अपने साथी से प्रेरणा लेते हुए अपनेअपने ग्रामों में 70 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले सभी नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनवाना सु. निश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक बुजुर्ग इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस कार्य की नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाए और प्रगति की समीक्षा की जाए।आयुक्त संगीता सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा है कि हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का समुचित लाभ मिले। उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों से अपील करते हुए कहा है कि वे समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग के प्रति संवेदनशील रहते हुए योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं।

## हेल्पिंग हैंड सोसायटी में जय गोपाल वीआईपी ने ग्यारहवीं बार सम्हाला अध्यक्ष पद का प्रभार

अलीगढ़ ।हेल्पिंग हैंड सोसाइटी की एक मीटिंग एक होटल में आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से जयगोपाल वीआईपी को ग्यारहवीं बार सोसाइटी के सभी सदस्यों ने अपना अध्यक्ष चुन लिया। वहीं दूसरी तरफ अध्यक्ष जय गोपाल वीआईपी ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और सोसाइटी के 31 पदाधिकारियों की कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें विपिन मित्तल महामंत्री,संजीव सिंघल वरिष्ठ कोषाध्यक्ष, देवेश गोयल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में पदम वार्ष्णेय पाइप,अतुल वार्ष्णेय,नवीन नारायण,ह्ृदेश गुप्ता,एन के अग्रवाल को नामित किया।उपाध्यक्ष के पद पर सुंदर वार्ष्णेय,अश्वनी वार्ष्णेय,आशीष डिस्पा. जल,दीपक वार्ष्णेय,गौरव गुप्ता ब्रास,विजय वार्ष्णेय टायज और मनोज वार्ष्णेय लकी रहेंगे जबकि संयुक्त महामंत्री का पद एडवो. केट मनोज वार्ष्णेय,ऋषि वार्ष्णेय,विपिन गुप्ता और अजय शर्मा को दिया गया है।इसके अलावा वरिष्ठ संगठन मंत्री हिमांशु रॉकस्टार,लखन वार्ष्णेय, मोहित वार्ष्णेय को बनाया गया है साथ ही मीडिया प्रभारी का दायित्व कपिल वार्ष्णेय और ललित डॉन संभालेंगे।कमेटी ने संयुक्त मंत्री के पद की जिम्मेदारी भुवनेश दयाल को दी है साथ ही विपिन गुप्ता शांती वीडियो,विनायक अग्रवाल को कार्यकारिणी का विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। ।इस बैठक में सौरभ वार्ष्णेय,विशाल वार्ष्णेय सुमित एडमिन शैलेश वार्ष्णेय,शिवम गांधी सुनील कक्कर सौरभ बंसल,अमित अग्रवाल,राजीव मित्तल,अजय वार्ष्णेय,सचिन महाजन और विकास वार्ष्णेय आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



# एटा उत्तर प्रदेश के एटा जनपद के थाना मिरहची क्षेत्र के गांव आलमपुर में उस वक्त सनसनी फैल गई

एटा उत्तर प्रदेश के एटा जनपद के थाना मिरहची क्षेत्र के गांव आलमपुर में उस वक्त सनसनी फैल गई जब सुबह शौच के लिए गए तीन किशोरों पर आम के बाग में धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। इस हमले में एक किशोर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल किशोरों को उपचार के लिए मैडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही थाना मिरहची पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार सिंह व सीओ सदर संजय सिंह फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बारीकी से जांच कर आवश्यक कार्य वाही के निर्देश दिए । प्रियजनों व ग्रामीणों ने बाग की रखवाली करने वालों पर हमले का शक जताया है उनका कहना है कि इन रखवालों के पास अवैध हथियार होते हैं और वे अक्सर बच्चों को जान से मारने की धमकी देते हैं।




घटना से एक दिन पहले नगला नथा के आम के बाग में भी इसी तरह की धमकी दी गई थी।अपर पुलिस अधीक्षक राज. कुमार सिंह का कहना है कि प्रथम दृष्टया किशोर की निर्मम हत्या किसी चाकू या ईंट से कुचलकर की गई प्रतीत होती है जांच से पता चला है कि घटना उस समय घटी जब वह शौच के लिये बाग में भी इसी तरह की धमकी दी गई थी।अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार सिंह का कहना है कि प्रथम दृष्टया किशोर की निर्मम हत्या किसी चाकू या ईंट से कुचलकर की गई प्रतीत होती है जांच से पता चला है कि घटना उस समय घटी जब वह शौच के लिये बाग में गये थे। मृत किशोर की पहचान गांव आलमपुर निवासी 16 वर्षीय अनुज पुत्र सुनील के रूप में हुई है। पुलिस प्रशासन ने बागों की रखवाली के नाम पर अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों पर सख्ती बरतने की बात कही है। जल्द ही अवैध हथियार रखने और हमलों के पीछे की सा. जिश का खुलासा होने की संभावना है।

## प्यार बना हत्याकांड की वजह! कासगंज के अंकुर का था गांव में अफेयर, अब खेत में मिली लाश

कासगंज : संवावदाता इंद्रपाल राजपूत



उत्तर प्रदेश के कासगंज से चौंका देने वाला मामला सामने आया है. यहां अंकुर नाम के युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई. हत्याकांड को उस समय अंजाम दिया गया, जब युवक रात के समय अपने घर से बाहर निकला. इसके बाद वह घर नहीं लौटा और सुबह उसका शव बरामद किया गया. बता दें कि अंकुर का गांव की ही एक लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था. ये पूरा मामला कासगंज के थाना सिकंद. रपुर वैश्य के ग्राम नरदोली से सामने आया है. यहां सुबह के समय अंकुर नामक युवक का शव गांव के बाहर खेत में पड़ा मिला. मौके पर पुलिस पहुंची और जांच में जुट गई. शव के पास अंकुर की साइकिल और अन्य समान भी बरामद किया गया. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया. जानकारी के मुताबिक, मृतक युवक अंकुर का गांव की ही एक युवती से प्रेम संबंध था. बताया जा रहा है कि बीती रात अंकुर घर से यह कहकर निकला था कि वह बाहर जा रहा है. मगर फिर वह वापस नहीं लौटा. माना जा रहा है कि प्रेम प्रसंग की हत्याकांड की वजह हो सकती है. सवाल ये है कि अंकुर रात को किससे मिलने गया था? इसकी जांच पुलिस कर रही है. इस पूरे मामले पर रा. जेश भारती (ASP कासगंज) ने बताया, नरदोली गांव में युवक का शव मिला था. केस दर्ज कर लिया गया है. प्रेम प्रसंग की बात सामने आई है. हर एंगल से जांच की जा रही है. जल्द ही केस का खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा.

## कासगंज में चालक की मौके पर मौत, तीन बच्चों का पिता था मृतक

कासगंज जिले की कोतवाली ढोलना में सड़क हादसा हुआ। मारूपुर गांव के पास एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान सुरेंद्र कुमार (35) के रूप में हुई है।वह पिवारी कस्बे का रहने वाला था और निजी गाड़ी का चालक था। बुधवार को वह अपने घर से बाइक से कासगंज आ रहा था। इसी दौरान मारूपुर गांव के पास डंपर ने उसे टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।




पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के तीन बच्चे हैं – 8 वर्षीय आयुष, 6 वर्षीय अविका और 3 वर्षीय कृतिका। सुरेंद्र की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। उनकी पत्नी काजल और बच्चों का रो–रोकर बुरा हाल है। पुलिस घटनास्थल से फरार हुए डंपर चालक की तलाश कर रही है।

## एटा जिले के रिजोर खुर्द गांव के पास एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने पहले बिजली के खंभे से टक्कर मारी

एटा जिले के रिजोर खुर्द गांव के पास एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने पहले बिजली के खंभे से टक्कर मारी। फिर गोवंश के साथ जा रहे एक व्यक्ति को रौंद दिया। हादसे में 52 वर्षीय वीरपाल उर्फ बादाम सिंह और गोवंश की मौके पर ही मौत हो गई। वीरपाल कल्लू सिंह के पुत्र थे और निधौली खुर्द के रहने वाले थे।घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही थाना रिजोर पुलिस मौके पर पहुंची। क्षेत्राधिकारी साकेत कृतिका सिंह भी भारी पुलिस बल के साथ वहां आए। मृतक के भाई सौदान सिंह ने बताया कि स्कॉर्पियो में तीन लोग सवार थे। हादसे के बाद एक आरोपी फरार हो गया, जबकि दो को पकड़ लिया गया।पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने परिजनों और ग्रामीणों को समझाया–बुझाया। काफी देर बाद परिजन माने और जाम खत्म हुआ। थाना प्रभारी रिजोर जेपी अशोक के मुताबिक, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया। घटना में स्कॉर्पियो कार भी क्षतिग्रस्त हो गई है।

## कासगंज छोटी माता मंदिर से फिर घंटे चोरी. ..स्थानीय लोगों में फैला आक्रोश

कासगंज, कस्बा मोहनपुरा के छोटी माता मंदिर से बीती रात चोर कीमती घंटे चोरी कर ले गए। सुबह जब क्षेत्रीय लोग पूजा अर्चना करने मंदिर पहुंचे तब चोरी होने की जानकारी हुई। तत्काल वारदात की सूचना स्थानीय पुलिस चौकी को दी गई। पुलिस ने पुजारी की तहरीर पर मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी है। यह मंदिर क्षेत्रीय लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र है।यहां मां दुर्गा, शिव परिवार, हनुमान बाबा, भैरव बाबा, शनिदेव, जाहरवीर बाबा आदि के मंदिर स्थापित हैं। धार्मिक स्थल से चोरी की वारदात होने पर लोगों ने जमकर निंदा की। विदित है कि इस मंदिर को चोर लगातार निशाना बनाकर चोरी



कर रहे हैं। अब तक अनेकों बार यहां चोरी की घटना हो चुकी है। गत वर्ष एवं उससे कुछ माह पूर्व भी लगातार दो बार चोरी की घटना हुई थी।लगातार एक ही धार्मिक स्थल से चोरी होना चिंताजनक है। मंदिर परिसर से लगातार हो रही घटनाओं से मानव पुंढीर, मोर मुकुट, प्रेमपाल सिंह, राकेश, अभिषेक आदि स्थानीय लोगों में खासा रोष व्याप्त हुआ है। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर चोरों को गिरफ्तार किए जाने की मांग की है।

## कासगंज 2025 इंटरमीडिएट में सृजन और हाईस्कूल में वेदांश बने टॉपर

कासगंज सीबीएसई के इंटरमीडिएट और हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित हुआ। जिसमें इंटरमीडिएट का जनपद टॉपर सृजन अग्रवाल वैज्ञानिक बनकर और हाईस्कूल जनपद टॉपर वेदांश माहेश्वरी कंप्यूटर इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना चाहता है।सीबीएसई सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल के विद्यार्थी सजृन ने इंटरमीडिएट में 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद टॉप किया। उनकी इस कामयाबी पर उनके शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी है। उसके परीक्षा परिणाम से परिजनों में भी खुशी है। सृजन ने बताया कि वह वैज्ञानिक बनकर देश की सेवा करना चाहता है। वहीं हाईस्कूल में सेंट जोसेफ के वेदांश माहेश्वरी ने हाईस्कूल में 98.20 प्रतिशत पाकर जनपद में प्रथम स्थान पाया। उसके परिजनों ने उसे मिष्ठान खिलाकर खुशियां मनाई वेदांश ने बताया कि वह कंप्यूटर के क्षेत्र में जाकर कंप्यूटर इंजीनियर बनकर देश की सेवा करेगा।. जनपद में परीक्षा परिणाम निकलने के बाद मेधावियों का परिजनों ने मिष्ठान खिलाकर खुशियां मनाई। श्री गणेश इंटर कॉलेज के वरिष्ठ विज्ञान शिक्षक डॉ. जयंत कुमार गुप्ता की पुत्री रिची गुप्ता ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। रिची आईएएस बनकर देश की सेवा में जाना चाहती है। श्रीश राठी ने सीबीएसई की 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उसके परिजन ने उसे मिष्ठान खिलाकर खुशियां मनाईं। उसने बताया कि वह भविष्य में चार्टेर्ड अकाउंटेंट के पश्चात सिविल सर्विसेज अधिकारी के रूप में देश की सेवा करने चाहता है।

## एटा में एक 10 साल के बच्चे की चाकू से गोदकर हत्या कर दी

एटा में एक 10 साल के बच्चे की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। आरोपियों ने बच्चे की दोनों आंखें फोड़ दी। उसका सिर ईंट से कूच दिया। बच्चा अपने दो दोस्तों के साथ नलकूप पर नहाने गया था। वहीं पर वो सब पानी से खेल रहे थे। इस हमले में एक बच्चा भी घायल हुआ है।दो बच्चों ने भागकर अपनी जान बचाई। उन्हीं लोगों ने ग्रामीणों को मामले की जानकारी दी। जब तक ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे, आरोपी फरार हो चुके थे। एक पीड़ित बच्चे ने बताया, आरोपी मुंह पर काले रंग का कपड़ा बांधे हुए थे। ये मामला एटा के मिरहची थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव का है। बुधवार सुबह बच्चे की हत्या की गई है।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फॉरेंसिक टीम मौके पर जांच पड़ताल कर रही है। बच्चे के चेहरे पर घाव के गहरे निशान हैं। उसका पूरा चेहरा खून से सना था। पुलिस की टीम आसपास के इलाकों में आरोपी की तलाश कर रही है। घटना के बाद से गांव के लोगों में दहशत है।मृतक बच्चे का नाम अनुज पुत्र सुनील था। उसके दो साथियों का नाम अजीत (11) पुत्र सत्यपाल और नितिन (12) पुत्र दुर्गपाल है। पुलिस को मौके से एक पत्थर और आरी का पत्ता बरामद किया है। अनुज का शव आम के पेड़ के नीचे पड़ा हुआ था।एटा के सकीट थाना क्षेत्र के नन्द पुर बेलामई गांव में एक 11 साल के बच्चे को बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार दी थी। बच्चा अपने बाबा के लिए खाना लेकर जा रहा था। गोली उसके पेट में लगी थी। घायल बच्चे की पहचान मोहित के रूप में हुई। अभी बच्चे का इलाज अस्पताल में चल रहा है। वहीं बच्चे को गोली मारने वाले आरोपी अभी भी फरार हैं।

## कासगंज पुलिस ने दुष्कर्म आरोपी को किया गिरफ्तार

कासगंज पुलिस ने दुष्कर्म के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अजय पुत्र रघुवर दयाल को सहावर थाना पुलिस ने सोरों अड्डे के पास से पकड़ा।घटना 9 मई की है। जब पीड़िता की मां ने सहावर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि आरोपी अजय उनके घर में घुसकर उनकी पुत्री के साथ छेड़खानी और मारपीट की। साथ ही उसने दुष्कर्म भी किया।पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश और अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार भारती के पर्यवेक्षण में चल रहे अभियान के तहत यह गिरफ्तारी हुई। क्षेत्राधिकारी सहावर शाहिदा नसरीन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 13 मई की शाम को आरोपी को गिरफ्तार किया।आरोपी के खिलाफ थाना सहावर में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी भनूपुरा कायस्थान गांव का रहने वाला है।

### कासगंज भारत–पाक जंग पर बहस बनी हिंसक...समुदाय विशेष के युवकों ने फल विक्रेता पर किया हमला

कासगंज पाकिस्तान और हिन्दुस्तान की जंग को लेकर शुरू हुई बातचीत ने उग्र रूप धारण कर लिया। दो विशेष समुदाय के युवको ने फल विक्रेता पर चाकू और बाट से जानलेवा हमला कर दिया। खून से लथपथ युवक को पुलिस ने चिकित्सीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।शहर के लवकुश नगर निवासी पुजारी कुशवाह पुत्र मिश्रीलाल कुशवाह गांधी मूर्ति इलाके में फल का हथठेला लगाता है। उसने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बुधवार को बताया कि वह सुबह ठेला लगाकर फल बेच रहा था, तभी ढोलना थाना क्षेत्र बिलराम निवासी चाहत मियां पुत्र एजाज कुरैशी और उसका भाई गुड्डू आ गए। दोनों ने हिन्दुस्तान पाकिस्तान की लड़ाई को लेकर बात चीत करने लगे, तभी पुजारी ने भी हिंदुस्तान की दो महिलाओ द्वारा पाकिस्तान को सबक सिखाने की बात कह दी। इसी बात से चाहत और गुड्डू उग्र हो गए। इंस्पेक्टर लोकेश भाटी ने बताया फल विक्रेता की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। चिकित्सीय परीक्षण के लिए घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवको के खिलाफ कार्रवाई की जाएंगी।

## बाढ़ की दृष्टि से सुरक्षात्मक उपाय अपनाने हेतु जिलाधिकारी ने बैठक कर दिये आवश्यक दिशा–निर्देश।

कासगंज जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट स्थित रूद्राक्ष सभागार में जनपद में गंगा किनारे स्थित समस्त आबादी क्षेत्रों को बाढ़ से सुरक्षित रखने तथा पूर्व से ही बाढ़ सम्बंधी सुरक्षात्मक उपाय अपनाने की दृष्टि से बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप कमेटी 2025 की बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि मात्र बाढ़ ही नहीं इसके अतिरिक्त होने वाले जल भराव जिससे जन जीवन प्रभावित होता हो की दृष्टि से भी समस्त संबंधित विभाग पहले से ही निपटने की आवश्यक तैयारियॉ कर लें। बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिये वार्षिक कार्य योजना 31 मई 2025 तक अवश्य पूर्ण कर लिया जायें। पंचायती राज विभाग को नालियों की साफ–सफाई, खराब हैण्डपम्पों को ठीक कराने, लोक निर्माण विभाग को संवेदनशील मार्गो जिनके क्षतिग्रस्त होने की संभावनायें रहती है उन पर विशेष ध्यान रखने व कार्य कराने, स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता क्लो. रिन की गोलियॉ व मेडिकल किट आदि की तैयारी रखने, तटबंधों की सुरक्षा, बाढ़ चौकी, गोताखोर व नावों आदि की व्यवस्था पूर्व से रखने के जिलाधिकारी ने निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि नावों के संचालन के लिये नाविक एवं स्थान का चिन्हीकरण कर लिया जाये उन्होंने कहा कि विगत वर्ष में नाविकों के भुगतान शेष होने की दशा में तत्काल भुगतान की कार्यवाही की जाये साथ ही लाइफ जैकेट की उपलब्धता को सुनिश्चित किया जाये। जनपद स्तर का बाढ़ कन्ट्रोल रूम 10 जून 2025 तक तथा तहसील स्तर का कन्ट्रोल रूम 15 जून 2025 तक सक्रिय कर दें। बाढ़ प्रभावित प्रत्येक ग्राम के न्यूनतम 50 व्यक्तियों के मोबाइल नम्बर की डारेक्टरी बना ले जिससे की सम्भावित बाढ़ की स्थिति के पूर्व में अलर्ट किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने के पूर्व बाढ़ से सम्बन्धित कार्य




में लगे जनपद स्तर पर समस्त अधिकारियोंध्कर्मचारियों, आपदा मित्रों, ना. विकों के मोबाइल नम्बर तथा पते की डारे. क्टरी तैयार कर ली जाये। उन्होंने कहा कि बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने के पूर्व जनपद स्तर पर जीवन रक्षक औषधियों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन, अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार पटेल, समस्त उप जिलाधिकारी, पीडब्लूडी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अधिशासी अभियंता सिंचाई व अन्य संबंधित अधिक. ारीगण उपस्थित रहे।